पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 09 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 341

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कुर्सी ना उठाने पर प्राचार्य ने छात्र को पिटा

**दमोह (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले में शासकीय स्कूल के प्राचार्य के द्वारा एक छात्र को लाठी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि पथरिया तहसील अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल असलाना के लिए कल फर्नीचर पहुंचा था। उसी बीच स्कूल की छुट्टी भी हो गई थी। जिस पर प्राचार्य शील चंद्र डेहरिया ने छात्र मनोज पुत्र राजू सिह से बोला कि गाड़ी से फर्नीचर उतरवाकर स्कूल में रखवा दो। छात्र ने प्राचार्य से कहा कि घर में पिता नही है माँ घर में अकेली है और मुझे जल्दी घर जाना है। इस बात को लेकर प्राचार्य नाराज हो गए और उन्होंने तत्काल ही एक लाठी उठाकर छात्र से मारपीट कर दी। पुलिस ने छात्र की शिकायत कर जांच में लिया है।

### मध्यप्रदेश में कोरोना के करीब तीन दर्जन नए मामले

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के करीब तीन दर्जन नए मामले सामने आए हैं। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने आज बताया कि इस अवधि में कोरोना संक्रमण के 38 नए प्रकरण सामने आए हैं, वहीं 47 लोगों ने संक्रमण को मात दी है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण की जांच के लिए पांच हजार 405 सैंपल लिए गए। वर्तमान में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 259 है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में संक्रमण दर 0.61 फीसदी और रिकवरी दर 98.7 फीसदी बनी हुई है।

### कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को होश नहीं आया,अभी भी वेंटिलेटर सपोर्ट पर

**कानपुर (आरएनएस)।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव एक महीने से एम्स में भर्ती हैं। अभी तक राजू को एक बार भी होश नहीं आया है। परिजनों ने उनके आंखें खोले जाने का दावा



किया,लेकिन डॉक्टर्स ने उसे सिरे से खारिज कर दिया। इस 1 महीने में 2 बार उनकी तबियत तेजी से बिगड़ी और सुधार भी हुआ। राजू को 10 अगस्त को हार्ट अटैक आने के बाद दिल्ली एम्स में एडमिट कराया गया था। राजू श्रीवास्तव अभी भी वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। उनके बॉडी ऑर्गन नेचुरली काम कर रहे हैं, लेकिन डॉक्टर्स अब तक वेंटिलेटर हटाए जाने को लेकर कोई फैसला नहीं कर सके हैं। उन्हें नली के माध्यम से रोजाना दूध और जूस दिया जा रहा है। राजू के भाई ने बताया,ऑक्सीजन सपोर्ट अब बेहद कम रह गया है। करीब 5 दिन पहले बुखार आने की वजह से डॉक्टरों ने वेंटिलेटर हटाने को लेकर दोबारा कोई बात नहीं बताई है। राजू के मुख्य सलाहकार अजीत सक्सेना के मुताबिक राजू की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। इस वजह से समय लग रहा है। राजू के भाई ने बताया,एम्स में न्यूरो विभाग की हेड पद्मा श्रीवास्तव की देखरेख में ट्रीटमेंट किया जा रहा है। आईसीयू में अब पत्नी शिखा के साथ बेटी अंतरा को भी मिलने की परमिशन दी गई है। दिल्ली स्थित उनके भाई के घर पर राजू की अच्छी सेहत के लिए रोजाना रुद्राभिषेक किया जा रहा है। होश में लाने के लिए अमिताभ बच्चन और परिवार के ऑडियो सुनाए गए। उनकी न्यूरो फिजियोथेरेपी भी की जा रही है।

# मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और सक्ती जिले का आगाज आज


- **मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेगें शुभारंभ**
- **नवगठित जिलों को मिलेगी 353 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेशवासियों को पिछले सप्ताह 3 नए जिलों की सौगात देने के बाद 9 सितम्बर को 2 नए जिलों का शुभारम्भ करने जा रहे हैं। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर 32वें और सक्ती 33वें जिला के रूप में अस्तित्व में आएंगे। इस तरह प्रदेश में जिलों की संख्या बढ़ कर 33 हो जायेगी। दोनों नए जिलों के गठन से इन क्षेत्रों के वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। नए जिले के गठन से न केवल शासकीय कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन होगा बल्कि लोगों को कई प्रकार की सार्वजनिक सुविधाएं भी मिलेगी। लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कोरिया जिले से अलग होकर तथा जांजगीर-चांपा से अलग होकर सक्ती जिला नयी प्रशासनिक इकाई के रूप में अस्तित्व में आ रहा है। नये जिले के गठन को लेकर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में और सक्ती में अभूतपूर्व हर्ष व्याप्त है। नया जिला अस्तित्व में आने से क्षेत्र में विकास की नयी धारा बहेगी, विकास की गति और तेज होगी। पहुंचविहीन क्षेत्रों में विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, इंटरनेट तथा रोड कनेक्टिविटी के लिए और बेहतर कार्य किए जाएंगे।

नए जिलों के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दोनों जिलों में 353 करोड़ 79 लाख 23 हजार रूपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इस दिन मनेंद्रगढ़ में 187 करोड़ 04 लाख 66 हजार रूपए के 09 कार्यों का भूमिपूजन तथा 13 करोड़ 68 लाख 57 हजार रूपए के 06 कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा। वही सक्ती में 85 करोड़ 20 लाख रूपए के 296 विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा 67 करोड़ 85 लाख 99 हजार रूपए के 13 कार्यों का लोकर्पण होगा।

नवीन जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर सरगुजा संभाग के अंतर्गत होगा। जिले में कुल ग्रामों की संख्या 376 है। यहां 13 राजस्व निरीक्षक मण्डल तथा 87 पटवारी हल्का है। यहां मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खडग़वां अनुविभाग और मनेन्द्रगढ़, केल्हारी, भरतपुर, खडग़वां, चिरमिरी और कोटाडोल तहसील होंगे। यहां 5 नगरीय निकाय जिनमें नगरपालिका निगम चिरमिरी, नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़, नगर पंचायत झगराखांड़, नगर पंचायत खोंगापानी और नगर पंचायत नई लेदरी सम्मिलित हैं। नवगठित जिले में अमृतधारा जलप्रपात, सिद्धबाबा मंदिर (मनेन्द्रगढ़) सीतामढ़ी-हरचौका(रामवनगमन पर्यटन परिपथ) भरतपुर, रमदहा जलप्रपात जैसे पर्यटन स्थल भी शामिल हैं।




इसी प्रकार नया जिला सक्ती बिलासपुर संभाग के अंतर्गत होगा। जिला सक्ती में उपखंड सक्ती की तहसील सक्ती, मालखरौदा, जैजैपुर और उपखंड डभरा की तहसील डभरा सहित कुल 5 तहसीलें शामिल होंगी। सक्ती जिले में 18 राजस्व निरीक्षक मंडल शामिल होंगे। 2011 जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 6,47,254 है। सक्ती जिले में 319 ग्राम पंचायतें, 6 नगरीय निकाय शामिल होंगे। नवगठित जिले में चंद्रहासिनी माता मंदिर चंद्रपुर, अड़भार अष्टभुजी माता मंदिर, रेनखोल, दमऊदरहा जैसे पर्यटन स्थल भी शामिल हैं।

### जिलों में एसपी के पदस्थापना आदेश जारी

राज्य शासन ने नवगठित जिलों मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, सक्ति के लिए पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार टीआर कोशिमा को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर से वहीं पुलिस अधीक्षक बनाया गया है एवं एमआर अहीरे को सक्ति का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ शासन गृहविभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत ङ्क्षसह द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नवीन जिलों में पदस्थ होने वाले दोनों पुलिस अधीक्षकों को जल्द से जल्द कार्यालय में कार्यभार एवं पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

# चंपावत में सडक़ हादसे में आईटीबीपी के 12 जवान घायल, बड़ा हादसा टला

**नैनीताल (आरएनएस)।** उत्तराखंड के चंपावत में गुरुवार एक सडक़ हादसे में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 12 जवान घायल हो गये। जवानों से भरी बस गहरी खाई में गिर गयी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।



पुलिस ने बताया कि आईटीबीपी की बस दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 12 जवान घायल हो गये और सभी खतरे से बाहर हैं।

चंपावत आपदा प्रबंधन केन्द्र से मिली जानकारी में बताया गया, दुर्घटना आज सुबह साढ़े छह बजे हुई है। आईटीबीपी की बस संख्या सीएच 01 जी 12640 जवानों को लेकर टनकपुर से चंपावत की ओर जा रही थी। इसी दौरान टनकपुर-चंपावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिन्याड़ी के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। बस में 12 जवान सवार थे।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन सचेत हो गया। मौके पर पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम के अलावा आसपास के ग्रामीण जुट गये और घायलों को खाई से बाहर निकाला गया। मौके पर चिकित्सकों की एक टीम को भी रवाना कर दिया गया।

सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल्थी ले जाया गया। घायल जवानों में रामअवतार, ओम प्रकाश, संदीप, रवि कुमार, अनिल, पाटिल, विजय कुमार, महेश सिंह, विजन, कंमाडर महेन्द्र कुमार, अशोक व सरबजीत सिंह (वाहन चालक) शामिल हैं।

# नोएडा प्राधिकरण को डबल झटका, अब देना होगा 200 करोड़ रुपए से ज्यादा का जुर्माना

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा प्राधिकरण को एक के बाद एक दो झटके लगातार लगे हैं। जिनके चलते प्राधिकरण को अब 200 करोड़ रुपए का हर्जाना देना होगा। प्राधिकरण की एक याचिका एनजीटी ने खारिज कर दी थी, वहीं दूसरी तरफ प्राधिकरण की दूसरी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दी है। दोनों याचिका अलग-अलग मामलों में लगाई गई थी। फटकार लगने के साथ अब प्राधिकरण को मुआवजा और जुर्माने को मिलकार कुल 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम देनी होगी।

पहले केस के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने छह मई को रेड्डी वीराना के पक्ष में 100 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान छह सप्ताह में करने का निर्देश दिया था। मामले की जानकारी के अनुसार रेड्डी ने 1997 में छलेरा बांगर गांव में 2.18 बीघा (7400 वर्ग मीटर) जमीन खरीदी थी। एक साल पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी जमीन मालिक के पक्ष में फैसला सुनाया था। हालांकि मुआवजे की राशि कम थी। इसलिए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में केस फाइल किया। इसा मामले में प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुजावजे की राशि ब्याज के साथ देने और इस मामले में पार्टी बने डीएलएफ को बाहर कर दिया।




एक अलग मामले में एनजीटी ने नोएडा प्राधिकरण को 00 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने एनजीटी में पुर्नविचार याचिका दायर की थी जिसे खारिज करते हुए एनजीटी ने 100 करोड़ रुपए जुर्माना देने का आदेश दिया और कहा कि आप चाहें तो हायर कोर्ट जा सकते है।

# पॉलिटिकल फंडिंग पर आयकर विभाग का बड़ा एक्शन: मुंबई में रेड, झोपड़पट्टी भी रडार पर

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के सायन और बोरिवली इलाकों में आयकर विभाग की छापेमारी शुरू है। करोड़ों रुपए की पॉलिटिकल फंडिंग और हेराफेरी के मामले में आईटी विभाग की छापेमारी शुरू है। खास बात यह है कि सायन इलाके में एक झोपड़पट्टी पर भी रेड हुई है। इनके अलावा महाराष्ट्र के ही औरंगाबाद में भी लगातार दूसरे दिन छापेमारी शुरू है। मिड डे मील डिलिवरी करने वाले व्यापारी सतीश व्यास नाम के घर, कार्यालय और होटल पर छापेमारी की जा रही है। चार ठिकानों में करीब 56 अधिकारी मिलकर छापेमारी कर रहे हैं।

राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील से जुड़े स्कैम का लिंक अब महाराष्ट्र के औरंगाबाद से भी जुड़ा हुआ सामने आ रहा है। कल से अब तक इनकम टैक्स विभाग ने देश के 110 स्थानों में छापेमारियां की हैं। यानी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पूरी तरह से ऐक्शन मोड में दिखाई दे रहा है। औरंगाबाद के व्यापारी सतीश व्यास को राजस्थान के स्कूलों में मिड डे मील सप्लाई करने का कॉन्ट्रैक्ट मिला हुआ है। उन्हें राजस्थान के अनाज घोटाले से संबंधित माना जा रहा है।

आयकर विभाग को जानकारी मिली थी कि पॉलिटिकल फंडिंग के बहाने टैक्स चोरी और पैसों की हेराफेरी शुरू है। इसीलिए मुंबई के अलग-अलग ठिकानों पर आज सुबह से छापेमारियां शुरू हुईं। मुंबई के सायन इलाके में झोपड़पट्टी में छापेमारी किए जाने की खबर ने सबका ध्यान खींचा है। दरअसल झोपड़पट्टी में स्थित यह एक पॉलिटिकल पार्टी का ऑफिस है। बता दें कि यह पॉलिटिकल पार्टी रजिस्टर्ड तो है लेकिन इसे चुनाव आयोग की मान्यता नहीं है।

सिर्फ 100 स्चयर फुट की झोपड़ी में यह पॉलिटिकल पार्टी का कार्यालय है। बैंक रिकॉर्ड के मुताबिक पिछले दो सालों में यहां 100 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। यानी यहां पर पॉलिटिकल फंडिंग के बहाने बड़ी हेराफेरी शुरू थी।

राजस्थान के मिड डे मील घोटाले का मामला देश के कई ठिकानों से जुड़ा हुआ पाया जा रहा है। औरंगाबाद के सतीश व्यास के घर से आयकर विभाग के अधिकारियों को कई अहम दस्तावेज मिलने की बात सामने आ रही है। कल मिड डे मील घोटाले को लेकर जयपुर में भी 53 ठिकानों पर रेड हुई थी। जयपुर में बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर रेड हुई जिसके लिए 300 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को साथ ले जाया गया था। कल हुई इस रेड में सीआरपीएफ के जवानों को भी सुरक्षा के लिए साथ रखा गया था।

# तेज गति से उड़ने वाले दुश्मनों को भी मार गिराएगी भारत की क्विक रिएक्शन मिसाइल, किया गया परीक्षण सफल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा सेना ने सतह से हवा में मार करने वाली क्विक रिएक्शन मिसाइल के शुक्रवार को छह परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए। ये परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किये गये। परीक्षण मिसाइल की आकलन प्रक्रिया के तहत किये गये हैं। परीक्षण के दौरान तेज गति से उडऩे वाले लक्ष्यों पर निशाना साधा गया। इसका उद्देश्य विभिन्न परिदृश्यों में मिसाइल की मारक क्षमता का पता लगाना था। ये परीक्षण दिन और रात के समय भी किये गये। सभी मिशनों के दौरान मिसाइल ने लक्ष्यों पर अचूक निशाना साधा और सभी मानकों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान सभी स्वदेशी उपकरणों का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने सफल परीक्षण के लिए वैज्ञानिकों की टीम को बधाई दी। डीआरडीओ अध्यक्ष ने कहा कि यह मिसाइल अब सेना में शामिल करने के लिए तैयार है।



# भारत और चीन के सैनिकों की गोगरा-हॉट स्प्रिंग क्षेत्र से पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू, कमांडर स्तर की बैठक में बनी सहमति

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन के बीच पिछले दो वर्ष से भी अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चले आ रहे सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में गुरूवार को दोनों देशों के सैनिकों के गोगरा-हॉट स्प्रिंग (पी पी-15 ) क्षेत्र से पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू हो गयी।

रक्षा मंत्रालय ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत और चीन के सैन्य कमांडरों के बीच 16 वें दौर की वार्ता में बनी सहमति के आधार पर दोनों देशों के सैनिकों ने गोगरा-हॉट स्प्रिंग (पीपी-15) क्षेत्र से समन्वित तथा चरणबद्ध तरीके से पीछे हटना शुरू कर दिया है। वक्तव्य में कहा गया है कि यह घटनाक्रम सीमा पर शांति तथा मैत्रीपूर्ण माहौल बनाने के लिए अनुकूल है।



दोनों सेनाओं के कोर कमांडरों के बीच 16 वें दौर की वार्ता गत 18 जुलाई को भारतीय सीमा में चुशूल मोल्डो क्षेत्र में हुई थी। करीब 12 घंटे तक चली इस बैठक में दोनों पक्षों ने विभिन्न लंबित मुद्दों के समाधान पर विस्तार से चर्चा की थी। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के कई दौर के बाद गलवान घार्टी और पेगोंग झील से सैनिकों को पीछे हटाने सहमति बन गयी थी लेकिन गोगरा हॉट स्प्रिंग क्षेत्र से सैनिकों को पीछे हटाने को लेकर विवाद बना हुआ था।

अप्रैल 2020 में चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति बदलने की कोशिश किये जाने के बाद क्षेत्र में गतिरोध उत्पन्न हो गया था। इसके बाद 15 और 16 जून की दरम्यानी रात गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें भारत के एक कर्नल सहित 20 सैनिक शहीद हो गये जबकि चीनी सेना के भी बड़ी संख्या में सैनिक मारे गये। इसके बाद से गतिरोध को दूर करने के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य , राजनयिक और राजनीतिक स्तर पर वार्ताओं के कई दौरे हो चुके हैं।

# मुंबई दौरे के दौरान अमित शाह की सुरक्षा में लापरवाही, गृहमंत्री के आसपास घूमता रहा संदिग्ध शख्स, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुरक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। मुंबई दौरे के दौरान एक संदिग्ध शख्स खुद को सांसद का पीए बताकर अमित शाह के आसपास घंटों घूमता रहा। मुंबई पुलिस ने फिलहाल उस संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 5 सितंबर को मुंबई दौरे पर थे। इस दौरान अमित शाह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बंगले पर गए थे। उसी दौरान दोनों जगह एक संदिग्ध व्यक्ति लगातार बंगलों के आसपास घूमता रहा। यही नहीं वह बंगले के भीतर भी दाखिल हुआ। सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति खुद को आंध्रप्रदेश के सांसद का पीए बताकर अमित शाह के काफी नजदीक तक पहुंच गया था। इसके बाद गृह मंत्रालय के अधिकारियों को शक हुआ, तो मुंबई पुलिस को इसकी सूचना दी गई।



इस पूरे मामले के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने हेमंत पवार नाम के उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हेमंत पवार धुले का रहने वाला बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हेमंत पवार ने गृह मंत्रालय का कार्ड भी लगाया हुआ था और खुद को एक सांसद का पीए बताकर अमित शाह के आसपास घूमता रहा।

फिलहाल हेमंत पवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 12 सितंबर तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। अब मुंबई पुलिस जांच कर रही है, कि आखिर पकड़े गए शख्स के पास गृह मंत्रालय का कार्ड कहाँ से आया? यही नहीं हेमंत पवार का मकसद अमित शाह के आसपास घूमने का क्या था, ये भी जांच की जा रही है। वहीं गृह मंत्रालय के अधिकारी भी मुंबई पुलिस के संपर्क में हैं और पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है।